संक्षिप्त

आयुष्मान आरोग्य शिविर लगे

टोंक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजस्थान सरकार निर्देशानुसार 14 अप्रैल को जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरो का आयोजन किया गया। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए गए, इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया गया। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (।ठक्ड) के अंतर्गत आभा आईडी बनाई गई। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया। आवश्यक दवाइयां और जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई, योग सत्रों का भी आयोजन किया गया।

भांग सहित आरोपी पकड़े

टोंक। डीएसटी टीम और थाना घाड पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 73 लाख 64 हजार रूपये से ज्यादा का 147 किलो गांजा और 108 किलो भांग जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी हरीमन मीणा एवं थाना घाड प्रभारी हरिराम वर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने थाना घाड क्षेत्र के ग्राम दौलतपुरा निवासी आरोपी जगदीश उर्फ सियाराम उर्फ जीके (65) मीणा के घर में दबिश दी, जहां कार्यवाही के दौरान 147.21 किलोग्राम अवैध गांजा और 108.76 किलोग्राम अवैध भांग बरामद की है। जब्त किए गए इन मादक पदार्थों की बाजार में अनुमानित कीमत 73 लाख 64 हजार 850 रुपये है।

डॉ. आरुषि का सम्मान

फुलेरा । कस्बे की अनु विहार कॉलोनी निवासी आरुषि मालाकार पुत्री नारायण मालाकार ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर एम.बी.बी.एस. की डिठी प्राप्त की है। डॉक्टर आरुषि मालाकार की इस उपलब्धि पर क्षेत्र सहित आस-पास के माली समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके चलते माली सैनी समाज संस्था फुलेरा के अध्यक्ष तेजकरण सैनी, पार्षद पूजा भाटी, गीता देवी आदि ने उनके निवास पर पहुंचकर डॉ. आरुषि को माला साफा पहनाकर और मुंह मीठा करवाने के साथ ही स्मृति चिह्न के रूप में संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज का छायाचित्र प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में आरुषि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और दादा-दादी को दिया है।

जुआ खेलते 12 गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में टोडारायसिंह थाना क्षेत्र के भांसू गांव में थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने दबिश देकर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया।

बाबा साहेब का मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो, हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : भूपेंद्र यादव

- किशनगढ़ बास में विशाल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया
- खैरथल और अलवर में आयोजित कार्यक्रमों में की शिरकत

किशनगढ़ बास। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण समिति के तत्वाधान में आमसभा व विशाल रैली निकाली गई। विशाल रैली को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान बसपा से प्रत्याशी रही व पूर्व गृह मंत्री स्वर्गीय बाबू संपतराम की पुत्रवधू सिमरन कौर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, भाजपा नेता रामकिशन मेघवाल, मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, एसपी मनीष चौधरी, एडीएम शिवपाल जाट, एसडीएम मनीष जाटव सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मीडिया से बात करते हुए

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास में बाबा साहेब की 134 वीं जयंती पर विशाल रैली को रवाना किया।

कहा सबका उत्साह और भागीदारी निश्चित बाबा साहेब के बताए गए कदमों पर चलने के लिए प्रेरित करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को आगे बढ़ाने का काम होगा। डॉ भीमराव अंबेडकर जन कल्याण समिति के हेतराम मेघवाल, प्रदीप सगवैया, सुमेर सिंह मेघवाल, कमल सिंह, विजय सिंह पप्पी मेघवाल सहित समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि भूपेंद्र यादव सहित अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया । समिति के प्रदीप सगवैया व सुमेर सिंह ने बताया कि बासड़ा अंबेडकर चौक से विशाल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो बाईपास अंबेडकर चौक से शुरू होकर तोप सर्किल अलवर रौड काले खां बांग गंज रोड शहर मेंन बाजार से तिजारा रोड बिजली घर के पास से होती हुई मोठूका रोड अंबेडकर भवन कार्यक्रम सभा स्थल पर पहुंची। सभा को विधायक दीपचंद खेरिया, सिमरन कौर, प्रधान बीपी सुमन, अशोक बंजारा, योगेश कुमार सहित अतिथियों ने संबोधित किया और बाबा साहेब के बताए गए मार्ग पर चलकर संगठित और शिक्षित बनने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत सहित पुलिस टीम का सम्मान किया गया।

बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित

दूदू । डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल के द्वारा निजी रिजॉर्ट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष राजनारायण शर्मा प्रभारी मंत्री जितेंद्र कुमावत की अध्यक्षता में किया जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई पश्चात उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा कहा गया कि अंबेडकर द्वारा सामाजिक न्याय समानता और संविधान का जो अधिकार दिया गया है भाजपा उन्हीं मूल्यों पर काम कर रही है वही मौजमाबाद में मंडल अध्यक्ष बिरदी चन्द अहलावत के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान मंडल पदाधिकारी पर कार्यकर्ता मौजूद रहे वही उपखंड मुख्यालय पर युवाओं द्वारा बाबा साहेब की जयंती पर वाहन रैली का आयोजन किया जाकर समरसता का संदेश दिया रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए मालपुरा रोड स्थित बेरवा धर्मशाला में पहुंची जहां कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया ।

चौंमू में डॉ. अंबेडकर जयंती मनाई

चौंमू / कालाडेरा । भारत रत्न डॉ. भीमराव जी डॉ.अम्बेडकर जयंती पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने न केवल संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

उनके विचार और कार्य आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। रामलाल शर्मा ने डॉ. अंबेडकर जी की जयंती पर ठाम पंचायत धोबलाई में प्रतिभा सम्मान समारोह, सिंगोदखुर्द में रक्तदान शिविर, नगर परिषद चौमूं से शोभायात्रा आदि कार्यकमों में शामिल हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद चौमूं से निकाली गई शोभायात्रा का फुल

चौंमू में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

बरसाकर और ठंडाई पिलाकर स्वागत किया। इस मौक़े पर नगर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व प्रधान महेश मीणा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एनआर यादव, पूर्व पार्षद रामावतार कुलदीप, बलदेव टांक, अभिषेक सोरेला, पार्षद संदीप शर्मा, राहुल बिवाल, सुभाष बिवाल, धर्मेन्द्र बंजारा, मोहन जलूथरिया, संदीप कुमावत, मदन गोरा, विनोद गोदारा, राजेन्द्र गुलिया, ओमप्रकाश कुमावत, माहिर गोरी, सुवालाल सैनी, रफीक नागौरी, बजरंग कुमावत, विक्रम टांक आदि लोग मौजूद थे।

बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण

मानपुरा माचेडी । आंकेडा डुँगर पुलिस चौकी के पास भारत रत्न डाँ भीमराव अंबेडकर की 134वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर डाँ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण आमेर विधायक प्रशांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच अशोक खोडा ने की। विशिष्ट अतिथि उप जिलाप्रमुख मोहन डागर रहे। इस दौरान मौजूद लोगों ने मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में वक्तओ ने डाँ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह में पार्षद प्रतिनिधि सुमित मिश्रा, डीसीसी सचिव मुकेश गुर्जर खैरवाडी, युवा कांठोस जिलाध्यक्ष राकेश सैनी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश सैनी, पूर्व वार्डपंच टीपु सुल्तान मीणा, रामबाबू गुप्ता, सीताराम सैनी, शंकर मीणा, सुरेश मौर्य, पुरुषोत्तम अटल, किशन बुनकर गोपीराम मीणा, मीणा समाज इकाई अध्यक्ष कृष्ण मीणा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

पावटा बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम में भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

- धार्मिक आयोजन में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक कुलदीप धनकड, विधायक बाल मुकुंदाचार्य महाराज हुए शामिल

पावटा। बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा में सोमवार को स्व.बंशीधर अठावाल व स्व.कमल कुमार अठावाल की पुण्य स्मृति में बाबा जयराम दास महाराज के सान्निध्य एवं बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी के सौजन्य व मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के नेतृत्व में आयोजित संगीतंमय सात दिसवीय श्रीमद भागवत कथा का भव्य कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। सुबह पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला ठाकुर जी मंदिर से कलश यात्रा प्रारम्भ हुई। जिसमे बड़ी संख्या में महिलाए-बालिका सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। वही युवक-युवतिया एवं महिलाए भजनों पर थिरकते हुए चल रही थी।

वही आयोजक भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग सपत्नीक भागवत कथा सिर पर धारण कर चल रहे थे। वही कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश एवं विधायक हवामहल बाल मुकुंदाचार्य महाराज, सोमेंद्र जी महाराज पावन धाम विराटनगर, श्री श्री 108 मंगलदास महाराज, सोहनदास महाराज, सांवरदास जी महाराज बग्गी में विराजित थे। इस अवसर पर स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक कुलदीप धनकड भी शामिल हुए। जहां उन्होंने भव्य कलश शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों व ठामीणों द्वारा भी पुष्प वर्षा कर भव्य कलश शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कथा प्रारंभ होने के पूर्व प्रात: 10:30 बजे पावटा कस्बा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से 2100 महिलाओं द्वारा शाही लवाजमे के साथ स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, विधायक कुलदीप धनकड व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, गोपाल अठावाल, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, वीरेंद्र राठी, विकास सिंह, विजय गुप्ता, वाइस चेयरमैन नरपत सिंह सहित जनप्रतिनिधियों वे ठामीणों की मौजूदगी में भव्य कलश शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा पहुंची। जहां विधायक हवामहल बाल मुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि भारत सनातन राष्ट्र है, वैसे ही भागवत कथा का ज्ञान भी सनातन है, इसी ज्ञान से हम संसार रूपी भवसागर को पार कर सकते है, श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ सत्य से होता है, यह व्यास जी द्वारा 18 पुराणों में से रचित बहुत श्रेष्ठ पुराण है। उनके आशीर्वचनों के बाद पूजन-अर्चन के बाद श्रीमदभागवत कथा शुरू हुई। जहां कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश ने कथा के प्रथम दिन कथा के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा,ऐसी कथा है,जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। वही उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा बताते कहा कि भारत ही भागवत है। सनातन भारत, सात पर्वत, पवित्र नदियां, पंच सरोवर, सप्तपुरियों, चारधाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, बावन शक्तिपीठ, देवता और महापुरुषों की जन्म भूमि, तथा भागवत प्रेतयोनी को भी मुक्ति देने वाला ठांथ हैं साध्वी श्री ने कथा में बताया कि भागवत पुराण में 18000 श्लोक तथा 12 स्कंध हैं। इसमें भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दर्शाया गया है। विष्णु और कृष्णावतार की कथाओ का ज्ञान कराती है इस पुराण में सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुठाह, मर्यादा, द्वैत-अद्वैत, द्वैताद्वैत, निर्गुण-सगुण ज्ञान प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत पुराण विद्या का अक्षय भण्डार है। यह पुराण सभी प्रकार के कल्याण देने वाला है। दीदी माँ ने कथा वाचन करते समय बताया कि व्यास जी द्वारा रचित 18 पुराणों में से श्रेष्ठ पुराण है। एक बार नारद जी को व्यास जी बहुत असंतुष्ट खिन्न दिखे। तब नारद जी को कारण बताते हुए व्यास जी ने कहा कि ऐसे ठांथ की रचना के बारे में विचार कर रहा हूं जो कलि काल में भी मनुष्य को कम समय में मोक्ष प्राप्ति दे सके तब नारद जी ने श्रीमद्भागवत की रचना करने की प्रेरणा व्यास जी को दी उन्होंने धुंधुकारी एवं स्वयं के पूर्व जन्म की कथा भी कह कर सुनाई कलयुग में कम समय में भागवत पुराण ही मनुष्य को तार सकने में सक्षम है ।सर्वसामान्य के लिए भवसागर पार करने के लिए सरल मार्ग भागवत जी से मिलता है। वही इस भव्य कलश यात्रा के दौरान उपखंड अधिकारी पावटा कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड, ईओ फतेह सिंह मीणा ने व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए दुरुस्त किया। वही डीवाईएसपी विराटनगर शिप्रा राजावत, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह सुरक्षा की दृष्टि से जाप्ते सहित मौजूद रहे। मंच संचालन उमेश टांक ने किया। इस दौरान पंडित द्वारकेश शास्त्री, बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, जम्मन राठी, संतोष, सुशील, गोपाल, अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष विनय गोयल, कोषाध्यक्ष जुगल सोनी, सचिव आकाश शर्मा, कार्यकर्ता लोकेश टांक, विनीत , पूरण कुमावत, प्रदीप टांक सहित कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

- मेडिकल टीम ने शिविर में कुल 207 यूनिट ब्लड एकत्रित किया

फुलेरा । कस्बे की रेलवे कॉलोनी स्थित रेलवे सामुदायिक भवन परिसर में रविवार को प्रात: 8 बजे ऑल इण्डिया एस सी/एस टी रेलवे एम्प्लाईज एसोसिएशन शाखा फुलेरा के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। व

ार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जोनल सचिव उ.प.रे. बी एल बैरवा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष रामसिंह, मण्डल सचिव चरणदास मीणा, मण्डल कोषाध्यक्ष रामबाबू गौतम, रामस्वरूप बैरवा, मुकेश नौनिवाल, राजकुमार, तेजकरण, महेश सहाय शर्मा, नरेन्द्र सिंह चाहर, सुनिल भादव रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल कोषाध्यक्ष एवं जे.सी. बैंक चैयरमैन घासी राम नारेडिया के द्वारा की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों द्वारा डॉ. बी.आर.अम्बेडकर, ज्योतिबा फूले के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। वहीं कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा डॉ.बी.आर.अम्बेडकर एवं ज्योतिबा फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन एम के वर्मा के द्वारा किया गया।

इसी क्रम में जानकारी देते हुए अतिरिक्त मण्डल सचिव प्रेम चन्द वर्मा ने बताया कि शिविर में ब्लड बैंक की टीम द्वारा कुल 245 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जबकि कुल 207 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। इस अवसर पर एच.के. मीणा, मुकेश कुमार मीणा, अजीत, ठण्डीराम मीणा, मुकेश कुमार वर्मा, कालूराम रैगर, नरेश कुमार, नरेन्द्र जोया, सुरेश कुमार बैरवा, कालुराम, रवि चौपड़ा, खेमराज मीणा, राजेन्द्र कुमार बैरवा, लक्ष्मीनारायण मीणा, दीनदयाल, गिरिराज मीणा, हरिभजन, रामवतार वर्मा, सेवासिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित, संविधान की रक्षा का संकल्प दोहराया

- दिवंगत नेताओं में पूर्व जिला मंत्री कैलाश काला, पंडित जुगल किशोर व्यास व नाथू लाल कयाल को मरणोपरांत उनके परिवार जनों को उनकी स्मृति में मोमेंटो प्रदान किए

सांभरझील, (निसं)। पुरानी धान की स्थित अग्रसेन महाराजा की धर्मशाला में सोमवार को भाजपा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न बीआर अंबेडकर जयंती समारोह एवं राजेश गुर्जर जिला अध्यक्ष दक्षिण देहात व ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निर्मल कुमावत का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मौजूद सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा बाबा साहेब के दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने कहा कि भाजपा संविधान की रक्षा के लिए

सांभर में भाजपा मंडल की ओर से डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई ।

कृत संकल्प है। इस मौके पर स्थानीय स्तर पर भाजपा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए जीवन भर सेवा देने वाले दिवंगत नेताओं को भी याद किया गया। दिवंगत नेताओं में पूर्व जिला मंत्री कैलाश काला, पंडित जुगल किशोर व्यास व नाथू लाल कयाल को मरणोपरांत उनके परिवार जनों को उनकी स्मृति में मोमेंटो प्रदान कर दुपट्टा पहनाया गया। सम्मान समारोह की श्रृंखला में भाजपा के वर्तमान वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, पूर्व चेयरमैन घनश्याम सांभरिया, राजेंद्र नारनोली, पंडित हरिदास शर्मा, महिला मोर्चा की रामेश्वरी देवी कुमावत, पूर्व पार्षद शंभूलाल माली, सिंधी समाज के उधवदास जयरमानी व रामेश्वर कुमावत को भी स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा ने बताया कि अभिनंदन समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी राजेश गोयल, जिला उपाध्यक्ष शिवजी राम कुमावत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव, चैयरमेन बाल किशन जांगिड़ व पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ज्ञान प्रकाश दायमा की मौजूदगी में सभी कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया तथा बाबा साहेब के बताए रास्तों पर चलने का आव्हान किया।

सार-समाचार

सात सूत्री मांगों का सौंपा ज्ञापन

श्रीमाधोपुर। शहर सुबह 9 रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से अंबेडकर पार्क, खटोड़ा बाजार, गोपीनाथ जी मंदिर ,रींगस बाजार ,खंडेला बाजार, गौशाला बाजार होती हुई मीणा चौक पहुंची। आम चौक मीणा मौहल्ला में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह का आयोजन विधानसभा प्रभारी तथा यूडीएच मंत्री पुत्र अजय सिंह खर्रा के मुख्यातिथि एवं प्रधान शंकर लाल यादव अजीतगढ़,तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा श्रीमाधोपुर की मौजूदगी में डॉ. अंबेडकर विचार समिति तथा डॉ. अंबेडकर जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय सिंह खर्रा ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया। समारोह में अनुसूचित जाति और जनजाति की 70 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने समाज की कुरीतियों को खत्म करने का आ ान किया। साथ ही शिक्षित बनने और संगठित होकर संघर्ष करने की बात कही।मानव विकास मंच जयपुर अध्यक्ष तुलसीराम मीणा तथा एससी-एसटी अत्याचार निवारण समिति अध्यक्ष एड. हरिनारायण मुख्य वक्ता रहे। डॉ. हंसराज चौहान, मुकेश कुमार और नंदलाल महरड़ा ने मंच का संचालन किया।समिति ने पदाधिकारियों ने यूडीएच मंत्री के नाम 7 सूत्रीए मांगों का प्रभारी अजय खर्रा को ज्ञापन सौंपा। विजयपुरा चौराहे पर डॉ. अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर अंबेडकर सर्किल बनाने, अंबेडकर भवन की मरम्मत, राजकीय बालिका महाविद्यालय का नाम सावित्री बाई फुले के नाम पर करने और अनुसूचित जाति-जनजाति बालिका छात्रावास बनाने की सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर हंस चौहान ने किया इस मौके पर समाज के कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

अंगूठी रस्म कार्यक्रम हुआ

शाहपुरा । त्रिवेणीधाम में श्रीयादे प्रजापति सामूहिक विवाह समिति की ओर से संरक्षक प्रभातीलाल पायलट की अध्यक्षता में युवक युवती परिचय सम्मेलन व अंगूठी रस्म कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महंत प्रहलाददास महाराज ने श्रीयादे माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मनोहरपुर चेयरमैन सुनीता प्रजापत, गीगराज, मक्खनलाल, गणेश, नत्थूराम, लून्दाराम रोजदा, डा.राजकुमार, सोहनलाल आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सुधार को लेकर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन अच्छी पहली है। उन्होंने समाजबंधुओं ने तन मन धन से सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने का आ ान किया। समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण खेजरोली, कोषाध्यक्ष गोपाल कुम्हार, संरक्षक सुबेसिंह ने 5 मई को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की रूप रेखा की जानकारी देते हुए कहा कि विवाह के लिए 14 जोड़े तय हो चुके है। पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर व बाबुलाल ने बताया कि समारोह में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए पंजीकृत जोड़ों ने एक दूसरे को चांदी की अंगूठी पहनाकर सगाई की रस्म निभाई। सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए समाजबंधुओं ने भी खूब घोषणाएं की। विवाह सम्मेलन के लिए एलईडी टीवी, सिलाई मशीन, पंखा, प्रेस, कूलर, थर्मस, बर्तन, भोजन सामग्री के लिए देशी घी, नकदी सहित विभिन्न प्रकार के सामान देने की घोषणा की गई। समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, पूर्व अध्यक्ष जमनलाल, लीलाराम, मूलचंद, रघुनाथ, रामचंद्र, बाबुलाल, गिरधारीलाल, शंकरलाल, प्रभुदयाल, कालूराम, सहित कई समिति पदाधिकारियों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग देने की घोषणा करने वाले भामाशाहों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

डॉ. अम्बेडकर जयन्ती पर संवाद

टोंक। एक दिवसीय दौरे पर आये एआईसीसी महासचिव, छतीसगढ़ प्रभारी व टोंक विधायक सचिन पायलट का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी टोंक जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा किया, तत्पश्चात डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घण्टाघर टोंक स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा अग्रवाल धर्मशाला टोंक में टोंक विधानसभा क्षेत्र का बूथ स्तरीय अभिकर्ता, बीएलए एवं कार्यकर्ता संवाद रखा गया। इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कहा था अगर कांग्रेस ना होती तो संविधान नहीं बन पाता, उन्होंने परिसीमन पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि परिसीमन कांग्रेस के शासन में मापदण्ड तय करके किया गया था, जबकि भाजपा की राज्य सरकार राजनीति हित साधने के लिए परिसीमन कर रही है, बिना मापदण्ड तय किये परीसीमन किया जा रहा है। भाजपा की सरकार तानाशाही पर आधारित कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन बेहतर से तैयार किया जायेगा, आने वाले चुनाव की तैयारी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल तथा जमीनी स्तर पर जनता के हित का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार बने हुए लगभग 1.5 वर्ष बीत चुका हैं, लेकिन जनहित से जुड़े कोई कार्य नहीं हो रहे है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, हंसराज फागणा, देवकरण गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बैग, कैलाशी देवी मीणा, सलीमुद्दीन खांन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हंसराज गुंजल, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, रोनित जैन, इमरान पहलवान, नवीन बैरवा, मुकेश गुर्जर घांस, मूलचन्द बैरवा, शबाना बी, रामसिंह चौधरी, विनोद बोकण आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य सऊद सईदी, पूर्व जिला संगठन प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी, जर्रार खांन, ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष पंकज यादव, अवधेश शर्मा, सीपी श्रीवास्तव, राहुल सैनी, भरत चौधरी, भंवर लाल बैरवा, रामलाल सण्डीला, हरलाल चौधरी, नीरज गुर्जर, भागचन्द गुर्जर, फौजूलाल मीणा, केदार चौधरी, रामअवतार प्रजापत, शब्बीर अहमद, रमेश गुर्जर, आदिल निजाम, शकूर, विनोद चौधरी, भंवरलाल मीणा, नसीफ अंसारी एनएसयूआई आदि के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने भाग लिया।

हर्षोल्लास से मनाई अम्बेडकर जयन्ती

टोंक। विभिन्न संगठनो द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई गई, इस दौरान रैली बैरवा धर्मशाला से रवाना होकर मुख्य बाजार होते हुए टोंक अंबेडकर सर्किल पहुंचे, जहां उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि किया गया। रैली के दौरान लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में पांच बत्ती चौराहे पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर अशोक बैरवा भीम सेना जिला अध्यक्ष टोंक ने बताया समाज को हमे एक दिन का अंबेडकरवादी ना बनाकर 365दिन का अंबेडकरवादी बन कर काम करें तो समाज को सही दिशा दे सकते हैं, समाज वर्गीकरण का शिकार नहीं होगा और ना ही हमें विचार गोष्ठी की आवश्यकता पड़ेगी, हमें हर दिन बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चले तो समाज मजबूत होगा। शहर में हीरो नम्बर वन के नाम से मशहुर ई-रिक्शा चालक, गायो का मसीहा व कई फुल मालाओं का शोकीन मुन्ना किलकील ने इस असवर पर भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता को चांदी की कटोरी व फ्लेट, चम्मच बॉक्स भेट किया तथा वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों को भी उपहार भेट किया गया। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा घंटाघर चौराहे पर संविधान निर्माता व सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भाजपा अम्बेडकर के संयोजक हकीकत राय सौदा ने विचार गोष्ठी आयोजित कर विचार विमर्श किया। संगोष्ठी में प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बाबा साहेब के आदर्शों को केवल स्मरण नहीं करती, बल्कि उनके विचारों को नीति, व्यवहार और जनकल्याण में उतारकर समरस